इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 17 अक्टूबर 2024

आत्मा अकेले आती है अकेले चली जाती है, न कोई उसका साथ देता है न कोई उसका मित्र बनता है।
- भगवान महावीर

वर्ष 17 अंक 46 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 34.4°C (+0.7) न्यूनतम 20.0°C(+0.3) सेंसेक्स 81,501.36 (-318.76) निफ्टी 25,971.30 (-086.05) सोना 78,040 चांदी 97,000 मुद्रा - डालर 84.05 दिरहम 22.88 रियाल 22.41

डॉ. काज़िम अली खां के व्यक्तित्व पर सेमिनार 19 से

साहित्य-शोध में रुचि रखने वालों के लिए सेमिनार अहम मौका : प्रो. अब्बास अली

दो दिवसीय सेमिनार की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

लखनऊ (ब्यूरो)। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय के तत्वावधान और एरा विश्वविद्यालय के सहयोग से डॉ. काजिम अली खां के व्यक्तित्व और शैक्षिक सेवाएं विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। एरा विवि के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विवि के लखनऊ कैम्पस प्रभारी हुमा याकूब, डॉ. सरवत तकी, डॉ. उमैर मंजर और डॉ. इसरार अहमद शामिल हुए।

बैठक में एरा विवि के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उर्दू शोध के एक ख्यातिलब्ध व्यक्तित्व पर लखनऊ में एक ऐतिहासिक सेमिनार होगा। उन्होंने कहा कि साहित्य और शोध में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह एक अहम मौका है। दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन 19 अक्टूबर को एरा विवि के ऑडिटोरियम में शाम 6:30 बजे होगा। सेमिनार के दूसरे दिन 20 अक्टूबर को साहित्यिक सत्र मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विवि के लखनऊ कैम्पस में आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि सेमिनार में दिल्ली, अलीगढ़, पटियाला, प्रयागराज, नासिक और लखनऊ के साहित्यकार और बुद्धिजीवी डॉ. काजिम अली खां के व्यक्तित्व और साहित्यिक सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर अपने शोध पत्र पेश करेंगे। सेमिनार के साहित्यिक सत्र की अध्यक्षता प्रो. उमर कमालुद्दीन, प्रो. अहमद महफूज, प्रो. अब्बास रजा नैय्यर और डॉ. शाह आलम करेंगे।